एक नजर में

किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

गुना। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के घर-घर सर्वे कार्य की वास्तविक प्रगति जानने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय मतदान केंद्र क्रमांक 33, मतदान केंद्र क्रमांक 37 तथा आदर्श माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 35 का मौके पर पहुँचकर सर्वे की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बीएलओ ने घर-घर सर्वे के दौरान फॉर्म वितरण, आवश्यक दस्तावेजों की फोटो ऐप के माध्यम से अपलोड करने सहित पूरी प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण किया। मास्टर ट्रेनर भी स्थल पर मौजूद रहे और गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रपत्र में तीन कॉलम हैं—पहले कॉलम में वर्तमान स्थिति, दूसरे में वर्ष 2003 की स्थिति, तथा यदि 2003 के आंकड़े उपलब्ध न हों तो तीसरे कॉलम में अतिरिक्त जानकारी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य पूर्ण पारदर्शिता और शुद्धता के साथ किया जाए, ताकि आगामी प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

बाल दिवस और नेहरू जयंती उत्साह के साथ मनाई गई

स्कूलों में लगे बाल मेले, एनएसयूआई ने माल्यार्पण कर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

गुना 14 नवम्बर का। बाल दिवस और पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती पर जिलेभर में उत्सव का माहौल रहा। मन स्पेशल स्कूल एवं मन कॉलेज में संयुक्त बाल मेले का आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने व्यंजन स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं मिलेनियम हायर सेकेंडरी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ और विशेष वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रहीं।

उधर, एनएसयूआई आरोन इकाई ने महाविद्यालय परिसर में नेहरूजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने नेहरूजी के योगदान और बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

बाल दिवस पर मन स्पेशल स्कूल और मन कॉलेज का संयुक्त उत्सव

बाल दिवस के अवसर पर मन समिति द्वारा संचालित मन स्पेशल स्कूल एंड डे केयर सेंटर तथा मन कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बी.एड. एवं डी.एड. स्पेशल एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न व्यंजनों की आकर्षक स्टॉलें लगाईं, जिनमें छात्रों ने स्वयं व्यंजन तैयार कर उनकी बिक्री और प्रस्तुति की। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, टीम वर्क, सहयोग और उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, साथ ही खेल गतिविधियों और बाल दिवस पर आधारित संदेशों ने वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया।

मन समिति की सचिव संगीत सिंह भाटी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं डायरेक्टर डॉ. संध्या श्रीवास्तव ने कहा कि संयुक्त गतिविधियाँ बच्चों में सामाजिक समरसता और नेतृत्व कौशल विकसित करती हैं। कार्यक्रम का समापन उत्कृष्ट स्टॉल और श्रेष्ठ प्रस्तुतियाँ देने वाले बच्चों को सम्मानित कर किया गया।

द मिलेनियम हायर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस

इधर द मिलेनियम हायर सेकेंडरी स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। छोटे बच्चों के लिए विभिन्न करियर-बिल्डिंग गेम्स और प्रतियोगिता हुई। नर्सरी से कक्षा चौथी तक के बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक वेशभूषा पहनकर अपनी मनमोहक उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

विद्यालय की प्राचार्य वंदना श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन करियर निर्माण का महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए इस अवधि में लक्ष्य पर पूरा ध्यान देना आवश्यक है। विद्यालय संचालक अवधेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्कूल हमेशा विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं में सहयोग करेगा।

उनका कहना था कि मिलेनियम स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। अंत में प्रबल सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया। इसके बाद सभी बच्चों को स्वल्पाहार और उपहार वितरित किए गए।

एनएसयूआई ने नेहरू जयंती मनाई

एनएसयूआई आरोन इकाई द्वारा गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती महाविद्यालय परिसर में माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने नेहरूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरूजी आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखने वाले दूरदर्शी नेता थे। उनके नेतृत्व में योजना आयोग का गठन, पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना देश की प्रमुख उपलब्धियाँ रहीं। उन्होंने कहा कि नेहरूजी की लोकतांत्रिक सोच और विकासवादी नीतियाँ आज भी मार्गदर्शन करती हैं। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी अजय रघुवंशी, महिला कॉलेज अध्यक्ष पार्वती रजक, प्रभारी अध्यक्ष विकुल जाटव, मोहित सोनी प्रभारी, सजल रघुवंशी, श्यामबाबू जाटव, शिवेंद्र जाटव, सपना अहीरवार, रश्मि शाक्य, मिथलेश शर्मा, उमा सेन, मोनिका रजक, पकी रजक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपस्थित सदस्यों ने नेहरूजी के आदर्शों का पालन करने का संकल्प भी लिया।

कलेक्टर की मौजूदगी में 2300 रु. तक पहुंचा भाव अगले ही दिन धड़ाम

आरोन। जिले की आरोन कृषि उपज मंडी में शुक्रवार सुबह उस समय माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया, जब मक्का की बोली अपेक्षा से बेहद कम लगने लगी। भाव गिरने से नाराज किसानों ने आरोन-डूंसिरोंज स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। किसानों का आरोप था कि जिस मंडी में गुरुवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की मौजूदगी में मक्का का भाव 2300 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया था, उसी मंडी में अगले ही दिन भाव 1600 के आसपास आ गया। इससे किसान भड़? उठे और सड़? पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

शुक्रवार की सुबह बोली शुरू होते ही किसानों को पता चला कि भाव अचानक नीचे आ गए हैं। किसानों ने इसे मंडी में पारदर्शिता की कमी बताते हुए विरोध दर्ज किया। देखते-देखते बड़ी संख्या में किसान सिरोंज रोड पर इकट्ठा हो गए और चक्काजाम कर दिया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही आरोन पुलिस, एसडीएम और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुरुवार को आरोन कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक किसान से मक्का के अनुमानित भाव के बारे में पूछा तो किसान ने 1600 रुपये तक की उम्मीद जताई। किंतु कलेक्टर की मौजूदगी में जब बोली लगी, तो मक्का का भाव सीधे 2300 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी से किसानों के चेहरे खिल उठे थे। कलेक्टर ने नीलामी की पारदर्शिता पर जोर दिया था और किसानों ने भी उचित मूल्य मिलने पर संतोष व्यक्त किया था।

किसानों में आक्रोश, एक दिन भी नहीं टिक सके अच्छे भाव

किसानों का कहना है कि कलेक्टर के जाते ही मंडी में फिर पुराने हालात लौट आए। शिकायत है कि व्यापारी अपनी मनमर्जी से भाव घटा रहे हैं और प्रशासन का नियंत्रण केवल देखने भर को है। चक्काजाम के दौरान किसानों ने प्रशासन से स्थिर और पारदर्शी नीलामी व्यवस्था लागू करने की मांग की।

गुना पुलिस की मॉकड्रिल में सीटू के झंडे के उपयोग पर वामदलों का विरोध तेज

गुना। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने गुना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि हाल ही में आयोजित बलवा मॉकड्रिल के दौरान पुलिस ने संगठन के आधिकारिक झंडे का दुरुपयोग किया है। इस संबंध में सीटू की मध्यप्रदेश राज्य समिति के अध्यक्ष पूषण भट्टाचार्य और महासचिव प्रमोद प्रधान ने पुलिस अधीक्षक को विरोध स्वरूप ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और फोटो से यह स्पष्ट दिखा कि पुलिस की बलवा रिहर्सल में बलवाई तत्वों के हाथ में सीटू का लाल झंडा जिस पर हसिया-हथौड़ा और सीटू का नाम अंकित है—पकड़ाया गया। इससे ऐसा संदेश गया कि यह झंडा असामाजिक या हिंसक गतिविधियों से जुड़ा है, जो पूरी तरह आधारहीन और अपमानजनक है। संगठन ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे समय यह घटना हुई, जब गुना में ही सीटू का राज्य सम्मेलन आयोजित था, जिसमें प्रदेशभर से प्रतिनिधि आए हुए थे। सीटू ने आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित कृत्य प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य संगठन की छवि धूमिल करना है। राज्य समिति ने स्पष्ट कहा कि सीटू देश का मान्यता प्राप्त केंद्रीय श्रमिक संगठन है, जिसकी प्रदेश में लगभग 70 हजार और देशभर में 67 लाख सदस्यता है। ऐसे में उसके झंडे को मॉकड्रिल में आतंकी प्रतीक जैसा प्रदर्शित करना निंदनीय है और श्रमिक वर्ग का भी अपमान है।,

उल्लेखनीय है कि हाल ही में आईजी के दौरे के दौरान लाल परेड ग्राउंड में पुलिस द्वारा बलवा की मॉकड्रिल की गई थी। जिसमें प्रदर्शनकारियों की भूमिका निभाने वाले जवानों के हाथों में सीटू जैसा झंडा थमाया गया था। इस पर वामदलों ने कड़ी आपत्ति जताई थी और इसे संगठन को आतंकी समूह जैसा दर्शाने का प्रयास बताया था।

विरोध और मांगें: सीटू ने अपने ज्ञापन में कहा कि पुलिस की यह हरकत न केवल संगठन को अपमानित करती है, बल्कि श्रमिक आंदोलन की गरिमा को भी ठेस पहुँचाती है। संगठन ने इसमें शामिल जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पुलिस प्रशासन से सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट करने की अपील की है। सीटू ने चेतावनी भी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन गुना जिले से लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पुलिस की होगी। संगठन ने ज्ञापन की प्रति कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ईमेल के माध्यम से भी प्रेषित कर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

मोबाइल कोर्ट के माध्यम से हटाया गया अतिक्रमण

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार मोबाईल कोर्ट के माध्यम अवैध अतिक्रमण हटाने कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में तहसील बमोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरादपुर (ग्राम बरोदिया कलां) मे ग्राम बरोदिया कलां स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 194/1/1/1 रक्बा 97.984 हे. में से रकबा लगभग 5 बीघा (स ?क के किनारे) भूमि पर अनावेदक महेश पुत्र राजाराम जाति यादव वगैरह एवं बनवारी पुत्र मन्नू लाल जाति यादव वगैरह द्वारा तार फेंसिंग व मलवा(घूरा) डालकर कर किये गए अवैध अतिक्रमण को अनावेदक को विधिवत नोटिस जारी उपरांत हटा कर शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। तथा भविष्य में ग्राम पंचायत सचिव को अनावेदकजन को पुनः अतिक्रमण करने पर विधिवत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त विवाद में अनावेदकजन को विधिवत नोटिस जारी उपरांत आज मोबाईल कोर्ट कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण हटवाया गया। तहसीलदार देवदत्त गोलिया,हेड कॉन्स्टेबल थाना धरनावदा, पटवारी ग्राम अंकित रघुवंशी अजमेर जामोद, सरपंच सचिव व कोटवार आदि शामिल रहे।

विकासखंड चांचौड़ा में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के कुशल मार्गदर्शन में जिले के चहुमुखी विकास को गति देने के उद्देश्य से आज विकास खंड चांचौड़ा में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी चांचौड़ा श्री रवि मालवीय ने की तथा अग्रणी जिला प्रबंधक (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) अजयपाल सिंह राजपूत ने समन्वयक की भूमिका निभाई। बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, जिनमें ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय साक्षरता एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का कवरेज बढ़ाने पर जोर, डिजिटल बैंकिंग को प्रोत्साहन और ग्राहक सेवा केन्द्रों (सीएसपी) तथा बैंकिंग संवाददाताओं (बी.सी.) के माध्यम से डोर-टू-डोर री-केवाईसी अभियान की प्रगति का आकलन, मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सीएमएमएस एवं सीएमवाईएमएस जैसी विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं की समीक्षा विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में आरएसईटीआई के निदेशक श्री महेश चंद वर्मा सहित विभिन्न विभागों के शासकीय अधिकारी तथा क्षेत्र के सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने वित्तीय समावेशन, ऋण प्रवाह में वृद्धि तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर सकारात्मक चर्चा की। साथ ही, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों में असामान्य वृद्धि पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उनके त्वरित निराकरण पर सामूहिक रूप से सहमति बनाई। अपने समापन भाषण में अग्रणी जिला प्रबंधक अजयपाल सिंह राजपूत ने सभी बैंक शाखाओं से लक्ष्यों की प्राप्ति, योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों को तुरंत दूर करने के लिए पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। संचालन एवं मंच का संचालन आर.एस.ई.टी.आई. के निदेशक द्वारा किया गया। अंत में, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री राजपूत ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पटेल नगर में सूना घर निशाने पर : परिवार वृंदावन गया तो चोरों ने साफ किया

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र स्थित पटेल नगर में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है, जहां सूने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए बहुमूल्य जेवर और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी नितिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि परिवार के सभी सदस्य वृंदावन दर्शन के लिए गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने अवसर का फायदा उठाकर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और पूरे घर की तलाशी लेकर कीमती सामान समेट ले गए। परिवार के अनुसार चोर करीब 5 से 6 तोला सोने की चेन, दो सोने की अंगूठियां, दालङ्कचावल सहित खाने-पीने का सामान, गैस सिलेंडर जैसी उपयोगी घरेलू वस्तुएं और अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार घर लौटा तो मुख्य दरवाजे और अलमारियों के ताले टूटे मिले। घर बिखरा हुआ था और कई सामान गायब थे, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

जानकारी मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घर का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर फिंगरप्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि रात के समय आने-जाने वाले संदिग्धों की पहचान की जा सके। कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

उत्साह | **विपक्ष को मिला करारा जवाब, हनुमान चौराहे पर मिठाइयाँ बाँटकर मनाया उत्सव**

बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर गुना में जश्न

नवभारत न्यूज

गुना। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को मिली प्रचंड जीत का जश्न गुरुवार को गुना में जोर-शोर से मनाया गया। जिले के हनुमान चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाई वितरित की और एक-दूसरे को बधाई देकर जीत का उत्सव मनाया। स्थानीय स्तर पर ऐसा उत्साह लंबे समय बाद देखने को मिला।

भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि बिहार की जागरूक जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासवादी नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जो लोग भाजपा को 'वोट चोर' कहकर जनता को

गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे, बिहार के मतदाताओं ने उन्हें करारा जवाब दिया है। महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ ?र मतदान कर एनडीए सरकार को साफ जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि जनता विकास, सुशासन और सशक्त नेतृत्व के साथ है।

जिला अध्यक्ष सिकरवार ने कहा कि दोनों चरणों में रिकॉर्ड तोड़ मतदान ने पहले ही संकेत दे दिया था कि जनता एनडीए को फिर से सत्ता सौंपने जा रही है। उन्होंने सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक उत्सव को सफल बनाने में भाजपा और एनडीए के समर्पित कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की है।

साथ ही शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए उन्होंने चुनाव आयोग और प्रशासनिक अमले का भी धन्यवाद किया।

विधायक प्रियंका पेंची का बयान

चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों ने जनता को भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन बिहार की जनता ने भाजपा को 'वोट चोर' कहने वालों को कड़ा सबक सिखा दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं, किसानों और आम मतदाताओं ने बड़े उत्साह से मतदान कर भाजपा व एनडीए के प्रत्याशियों को स्पष्ट बहुमत दिलाया है। उन्होंने इसे विकास और प्रगति के पक्ष में दिया गया जनादेश बताया।

नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष धरम सोनी, हरिसिंह यादव, राधेश्याम पारिख, गजेंद्र सिंह सिकरवार, अशोक शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, रविन्द्र सिंह रघुवंशी टिल्लू, संतोष धाकड़, श्रीमती राजेश राजपूत, महेंद्र किरार, गिरिराज भार्गव, वीरेंद्र धाकड़, रमेश मालवीय, नीरज निगम, सुनील मालवीय, राजेश साहू, दिलीप सेन, ओमप्रकाश राठौर, बृजेश राठौर सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

जनजातीय गौरव पखवाड़ा अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

गुना। कृषि विज्ञान केन्द्र, आरोन द्वारा शासन के निर्देशानुसार 1 से 15 नवंबर के बीच आयोजित कार्यक्रम जनजातिय गौरव पखवाड़ा के अन्तर्गत गुना जिले गैलान ग्राम में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुण्डा के भारत की आजादी में एक आदिवासी स्वतंत्रता सैनानी एवं जन नायक के अभूतपूर्व तथां गौरवाशाली योगदान की जानकारी दी।

चिकित्सालय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने समीक्षा बैठक, अस्पताल में स्वच्छता एवं एंबुलेंस सेवा को और मजबूत करने के दिए निर्देश

गुना। जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और उन्नत बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने आज जिला चिकित्सालय के रेडक्रॉस हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की शुरुआत 108 एंबुलेंस सेवा की समीक्षा से हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एंबुलेंस पूर्णतः वर्किंग कंडीशन में रहें, वाहनों में स्टेपनी उपलब्ध हो तथा ड्राइवर का व्यवहार मरीजों और परिजनों के प्रति श्रेष्ठ हो। उन्होंने सभी संचालित वाहनों का एक डैशबोर्ड तैयार कर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा अस्पताल की स्वच्छता पहले की तुलना में बेहतर हुई है, लेकिन अभी और सुधार की आवश्यकता है। विशेषकर टॉयलेट और वॉशरूम की स्थिति को और मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अस्पताल परिसर की 79 पानी की टंकियों में से 54 की सफाई पूर्ण हो चुकी है तथा शेष 25 टंकियों की सफाई तीन दिनों में पूरी कर ली जाएगी। पूर्व में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया रेडक्रॉस हॉल में लाइटिंग और साउंड सिस्टम की व्यवस्था को बेहतर किया गया है, जिसे नियमित रूप से मेंटेन रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने रेड क्रॉस भवन के मुख्य हॉल और नीचे स्थित हॉल की साफ-सफाई को निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टरों से सुझाव लेते हुए अस्पताल को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक इंस्ट्रूमेंटेशन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करें, ताकि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक तक पहुंच सकें। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्र. सीएमओ मंजुषा खत्री, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, सिविल सर्जन डॉ. व्हीएस रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।